Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006

Participants : Singh Shri Ganesh

Title : Need to conduct a CBI inquiry into the incident of alleged attack on BJP office at Lucknow, Uttar Pradesh following the publication of objectionable cartoons regarding Prophet Mohammad in Denmark.

श्री गणेश सिंह (सतना) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं जिस विाय को रखना चाहता हं, उस विाय पर सुबह काफी बातचीत हुई है, फिर भी मैं इस विाय को इस समय यहां उठाना चाहता हूं। डेनमार्क के एक समाचार-पत्र में एक धर्म की आस्था के प्रतीक, के विरुद्ध आपत्तिजनक कार्टून छपने के विरोध में लखनऊ में हुए उग्र प्रदर्शन ने सारी मर्यादाओं को ही तोड़ डाला। इतना ही नहीं, भाजपा के कार्यालय में तोड़-फोड़ की गई तथा वहां बम फोड़ा गया, ऐसा क्यों किया गया?…(व्यवधान)

SHRI BIJOY HANDIQUE : Sir, the hon. Minister has already given a reply in the House on this issue.

उपाध्यक्ष महोदय :इस पर सुबह रिप्लाई हो चुका है।

श्री गणेश सिंह : गुस्सा डेनमार्क पर ईरान के मसले में अमेरिका तथा वर्तमान यू.पी.ए. सरकार पर था और दफ्तर भाजपा का जलाया जाए, यह बहुत आपत्तिजनक बात है। इससे साफ जाहिर है कि एक धर्म विशे के लोग भाजपा के विरुद्ध ाडयंत्र कर रहे हैं।…(व्यवधान) यह घटना अकेले एक जगह नहीं हुई, बल्कि देश के अन्य कई राज्यों में, उनकी धार्मिक राजधानियों में हुई है।

उपाध्यक्ष महोदय, मुझे लगता है कि देश को ऐसे उग्र प्रदर्शन से खतरनाक संदेश मिल रहे हैं। मेरा मानना है कि इसी तरह एक अन्य प्रकरण भी हुआ है जिसमें भारत माता के चित्र को बड़ी अश्लीलता के साथ कार्टुन बनाकर प्रदर्शित किया गया,…(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय :यह आ चुका है।

श्री गणेश सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा इसमें निवेदन है, मैं इसमें कुछ दूसरी बात कह रहा हूं, बल्कि ऐसे जो धार्मिक आस्था के प्रतीक हैं - चाहे वे किसी भी धर्म के हों, अगर उनके बारे में कोई भी इस तरह के चित्र बना कर भावनाओं को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसे मामलों में देश को तथा केन्द्र की सरकार को चिन्ता करनी चाहिए।…(व्यवधान) कोई बड़ी अनहोनी न होने पाए, इसलिए यह चिन्ता का विाय है।…(व्यवधान) मेरी मांग है किउनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए और इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच होनी चाहिए।…(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia -- not present

Shri Varkala Radhakrishnan -- not present

Shri Prasanna Acharya